## खबर संक्षेप

### मोहर्रम पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने दिये निर्देश

**कटनी।** मोहर्रम पर्व के दौरान जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित सभी उपखंड दंडाधिकारियों को निर्देशित किया है कि मोहर्रम के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम समुदाय का प्रमुख पर्व मोहर्रम शुक्रवार, 26 जून को मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों, मस्जिदों एवं ईदगाहों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो 26 जून तक जारी रहेंगे। प्रशासन ने जिला मुख्यालय से लेकर सभी अनुभाग स्तर तक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कार्यक्रम आयोजकों एवं मस्जिद कमेटियों से समन्वय बनाए रखें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि सभी आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हों।

### अप्रेंटिसशिप मेला लगेगा 25 जून को

**कटनी।** जिले के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गुरूवार 25 जून को शासकीय आईटीआई कटनी में "युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला" का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में जिले के युवाओं को एक ही स्थान पर रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप से जुड़े विभिन्न अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे इच्छुक युवक-युवतियां स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें। मेले में जिले के साथ-साथ अन्य प्रतिष्ठित कंपनियां भी शामिल होंगी और युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करेंगी। सभी शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाने के लिए मेले में उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### सर्पदंश से वृद्ध की मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम रैपुरा में सांप के डसने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार बाबूलाल कोल 65 वर्ष को उनके घर पर ही किसी जहरीले सांप ने काट लिया था। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### कुठला पुलिस ने इंद्रानगर पुल के पास नाकाबंदी कर जब्त की अवैध शराब

# तस्करों को दबोचा: 2 लाख रूपये की 40 पेटी शराब सहित कार की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत कुठला पुलिस ने जबलपुर निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार कर 2 लाख रूपये की अवैध शराब जब्त की। पुलिस ने कार से 360 लीटर अवैध देशी शराब सहित कार को जब्त किया है। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 7 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में नशामुक्त समाज बनाने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।





### पुलिस को देख भागे तस्कर

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्रे रंग की कार क्रमांक MP 20 ZK 0581 में भारी मात्रा में शराब भरकर शाहनगर की ओर से लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इंद्रानगर पुल के पास नाकाबंदी कर वाहन की घेराबंदी की। पुलिस को देखकर कार चालक वाहन मोड़कर वापस शाहनगर की ओर भागने लगा, जिसके बाद पुलिस ने पीछा किया और अनी नदी पुल के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया।

वाहन में बैठे व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सौरभ सोमकुवर (32) निवासी आजाद नगर गोसलपुर, जबलपुर तथा शिवबहादुर सोनी (28) निवासी रामनगर दुर्गा मंदिर के पास, थाना रांझी, जबलपुर बताया। स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में कार की तलाशी लेने पर वाहन के भीतर 40 पेटी देशी प्लेन शराब बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव शराब भरी थी। बरामद शराब की कुल मात्रा 360 लीटर पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपये है। वहीं प्रयुक्त सुजुकी बलेनो कार की कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई। इस प्रकार कुल 7 लाख रुपये का मशरूका पुलिस ने जब्त किया।

### न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल

मामले में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 518/26 के तहत धारा 34(2) आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक अजय यादव, रामेश्वर सिंह, ताहिर खान तथा आरक्षक मनोज राजपूत और विजय राणा सहित अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

### तीन में दूसरी बड़ी कार्रवाई

शराब की तस्करी करने वालों पर कुठला पुलिस ने तीन दिन में दूसरी बड़ी कार्यवाही की। तीन दिन पहले बुधवार को इंद्रानगर पुल के पास से पुलिस ने एक बोलेरो वाहन से 3 लाख रूपये कीमती 540 लीटर अवैध शराब जब्त की थी। हालांकि पुलिस तस्करों को गिरफ्तार नहीं कर पाई थी।

# नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार पिस्टल एवं 3 चाकू किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कुठला थाना पुलिस ने एक पिस्टल और तीन चाकुओं के साथ तीन आरोपियों एवं एक विधि उल्लंघनकारी बालक को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार 18 जून की रात पेट्रोलिंग के दौरान पिलौंजी मोड़, ग्राम पिलौंजी में संदिग्ध अवस्था में मिले आदर्श कुशवाहा (22) निवासी कन्हवारा की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद की गई। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर हथियार जब्त कर लिया गया। इसी क्रम में ट्रांसपोर्ट नगर एवं इन्द्रानगर पुल के पास से अनुराग पटेल (22) निवासी कुठला बस्ती तथा आर्यन निषाद (21) निवासी खिरहनी फाटक को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से दो धारदार चाकू बरामद हुए।वहीं इन्द्रानगर स्थित बैंकटेस धर्मशाला के पास से 17 वर्षीय एक विधि उल्लंघनकारी बालक को भी पकड़ा गया, जिसके पास से एक धारदार चाकू बरामद हुआ। नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ पृथक-पृथक प्रकरण धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

कार्रवाई में उप निरीक्षक विनोद सिंह, अनिल यादव, सहायक उप निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक अजय यादव, शिवशंकर दुबे, ताहिर खान, रामेश्वर सिंह, राहुल मिश्रा, आरक्षक मनोज सिंह, विजय प्रजापति, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, प्रभाकर सिंह सहित थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# मिशन चौक ओवर ब्रिज में कई घंटे तक खड़ी रही जेसीबी, पुलिस ने कब्जे में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत मिशन चौक ओवरब्रिज पर एक जेसीबी मशीन लावारिस हालत में खड़ी पाई गई। जेसीबी करीब चार से पांच घंटे तक ब्रिज पर ही खड़ी रही, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक जेसीबी को ब्रिज पर छोड़कर मौके से रफूचक्कर हो गया था। घंटों बीत जाने के बाद भी स्थानीय स्तर पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया लेकिन जैसे ही मामले की भनक एक अधिकारी को लगी, उन्होंने प्रशासन के व्हाट्सअप ग्रुप में सूचना दी। उसके बाद महकमे में खलबली मची और यातायात पुलिस तत्काल दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरु की।



पुलिस अब इस बात का पता लगाने में जुटी है कि आखिर इतनी बड़ी लापरवाही के पीछे क्या वजह थी। करीब 4-5 घंटे तक मशीन का ब्रिज पर खड़ा रहना सुरक्षा और यातायात दोनों के लिहाज से गंभीर है। नंबर प्लेट के आधार पर जेसीबी के वास्तविक मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है। चालक किसी तकनीकी खराबी के कारण वाहन छोड़कर भागा या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी, इसकी जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि वाहन मालिक और चालक का पता लगाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### अवैध वसूली और मारपीट के दो आरोपितों को भेजा गया जेल

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने अवैध रूप से पैसे मांगने, मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार फरियादी जितेंद्र शिवलानी ने 15 जून को थाना माधवनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 जून की रात वह अपने घर के सामने ताश खेल रहा था। इसी दौरान करण बिहारी, गुरविंदर उर्फ गुल्ली जाट, योगेश उर्फ योगी भगतानी और प्रवीण उर्फ गोला परसवानी वहां पहुंचे। आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और शराब पीने के लिए जबरन पैसे मांगने लगे। फरियादी की शिकायत पर थाना माधवनगर में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी गुरविंदर उर्फ गुल्ली जाट और प्रवीण उर्फ गोला परसवानी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। आरोपी करण बिहारी एवं योगेश भगतानी फिलहाल फरार हैं।

### जिला चिकित्सालय में लगा रक्तदान शिविर



एनएसयूआई एवं महिला कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिवस पर अलग-अलग सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनएसयूआई ने जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया, वहीं महिला कांग्रेस ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के बीच फल एवं स्वल्पाहार वितरित किया।जिला एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि एनएसयूआई द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कटनी में भी बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान केक काटा गया तथा कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई भी वितरित की गई। महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सौम्या राँधेलिया ने बताया कि महिला कांग्रेस कटनी द्वारा बच्चन नायक वृद्ध आश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां बुजुर्गजनों के बीच फल एवं स्वल्पाहार वितरित कर केक काटा गया। उन्होंने कहा कि देश में घरेलू गैस सिलेंडर से लेकर रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आमजन परेशान हैं। ऐसे समय में राहुल गांधी लगातार हर वर्ग की समस्याओं और अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# आरोपित की गिरफ्तारी के बाद ननि कर्मियों ने खत्म की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगम के अतिक्रमण अमले के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को जबलपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई और बाकी आरोपियों को जल्द पकड़ने के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है और शहर में कामकाज दोबारा शुरू हो गया है। अल्टीमेटम खत्म होने के बाद जैसे ही नगर निगम के अमले ने शुक्रवार सुबह से काम बंद कर प्रदर्शन शुरू किया, वैसे ही प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए अलग-अलग टीमें रवाना की गईं।

### जबलपुर से गिरफ्तार

मुखबिर से सूचना मिली कि एक आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए जबलपुर में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी कर आरोपी को जबलपुर से दबोच लिया। आरोपी की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक चर्चा हुई। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि मामले के अन्य फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मौखिक आश्वासन के बाद कर्मचारियों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने हड़ताल खत्म करने का एलान कर दिया।

### कुएं में गिरी जंगली बिल्ली का किया रेस्क्यू

**कटनी।** परिक्षेत्र रीठी के अंतर्गत ग्राम बख्लेहटा में शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुएं में गिरी एक जंगली बिल्ली (जंगल कैट) का सफल रेस्क्यू किया। ग्राम बख्लेहटा में रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित एक कुएं में स्थानीय लोगों ने एक जंगली बिल्ली को गिरे हुए देखा। कुएं में पानी होने के कारण बेजुबान की जान पर बन आई थी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। कुंए से सुरक्षित निकाल बिल्ली को जंगल में छोड़ाा गया।

### विलायतकला में हो रहा नियम विरूद्ध तरीके से दुकान का संचालन

# शराब की अवैध बिक्री पर बढ़ा आक्रोश 3 दिन में कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत विलायत कला में नियम विरूद्ध शराब दुकान के संचालन और क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। शुक्रवार शाम सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर आबकारी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एक शिकायती ज्ञापन बड़वारा तहसीलदार को सौंपा।ग्रामीणों ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर उनकी जायज मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आबकारी विभाग के कार्यालय की तालाबंदी करेंगे और बड़वारा थाने के सामने उग्र धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि विलायत कला ग्राम में स्थित शराब दुकान पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। यह दुकान नेशनल हाईवे 43 और स्टेट हाईवे के ठीक किनारे स्थित है। मुख्य मार्ग और बेहद व्यस्ततम इलाका होने के कारण यहाँ दिन-भर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों के जान-माल पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस दुकान की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसे तत्काल किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित (शिफ्ट) किया जाए।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग डेढ़ दर्जन गांवों की गली-गली में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इनमें मुख्य रूप से भजिया, भुड़सा, परसेल, बिजौरी, कोड़ो सलैया, गुड़ा, बड़ा गुड़ा, देवरी, खरहटा, विलायत खुर्द, लोहरवारा, पथवारी और झरेला आदि है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन गांवों में आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण स्कूल जाने वाले नाबालिग बच्चे और युवा गंभीर नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। इस अवैध कारोबार के चलते शांत ग्रामीण इलाकों में आपराधिक घटनाओं और आपसी विवादों में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है, जिससे माताओं-बहनों का घर से निकलना दूभर हो गया है।

ग्रामीणों ने आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी कई बार ज्ञापन के माध्यम से इस गंभीर समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज दिनांक तक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन की इसी निष्क्रियता के कारण शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

तहसीलदार को सौपे गये ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त गांवों में चल रही अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और विलायत कला की दुकान को 3 दिवस के भीतर अन्यत्र शिफ्ट किया जाए नहीं हो आंदोलन करेंगे।

### बैठक में शिक्षा, पुनर्वास और पॉक्सो मामलों की हुई व्यापक समीक्षा

# समस्याओं से जूझ रहे बच्चों की पहचान कर तत्काल दिलायें सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और पुनर्वास को लेकर कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कठिन परिस्थितियों और जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में निवासरत प्रत्येक बच्चे की पहचान कर उसे बाल संरक्षण सेवाओं से जोड़ा जाए। यह निर्देश उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि ऐसे बच्चे जो कठिन सामाजिक, आर्थिक या पारिवारिक परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर शासन की सभी उपलब्ध बाल संरक्षण योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने संस्थागत एवं गैर-संस्थागत बाल संरक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि जिले में ऐसे बच्चों की पहचान की जाए जो सामाजिक, आर्थिक या पारिवारिक संकटों से जूझ रहे हैं। इन बच्चों को बाल संरक्षण योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास सेवाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद बच्चे तक सहायता पहुंचने में देरी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले की सूचना तत्काल बाल कल्याण समिति को उपलब्ध कराई जाए। पीड़ित बच्चों को मनोसामाजिक सहयोग, कानूनी सहायता और अन्य आवश्यक सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सहायक व्यक्तियों के पैनल के पुनर्गठन और नियमित समीक्षा के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने किशोर न्याय अधिनियम के तहत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, आधार कार्ड, आवासीय सुविधाओं और समग्र विकास की समीक्षा की। उन्होंने जिला बाल संरक्षण इकाई को उद्योग विभाग और जिला कौशल विकास विभाग के साथ समन्वय कर बच्चों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

बैठक में बताया गया कि जिला बाल संरक्षण इकाई ने गत वित्तीय वर्ष में उल्लेखनीय कार्य करते हुए जिले के 73, प्रदेश के अन्य जिलों के 65 तथा अन्य राज्यों के 40 बच्चों का सफल पुनर्वास कराया है। कुल 178 बच्चों को सुरक्षित वातावरण और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने के कार्य की कलेक्टर ने सराहना की। कलेक्टर ने गुमशुदा बच्चों, बाल तस्करी और मानव तस्करी की रोकथाम, बचाव, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन से संबंधित उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय और सतत निगरानी के निर्देश दिए।

# 3 फरार आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

करीब एक वर्ष से फरार चल रहे तीन कुख्यात आरोपियों को बड़वारा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना बड़वारा पुलिस ने यह कार्रवाई अंजाम दी।

पुलिस के अनुसार 14 मई 2025 को फरियादी जगदेव सिंह सोलंकी (81) निवासी ग्राम बांसा, थाना चंदिया, जिला उमरिया (हाल निवासी ग्राम परसेल, थाना बड़वारा) ने थाना बड़वारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

शिकायत में बताया गया कि 13 मई 2025 को जमीनी विवाद के चलते आरोपी अमोल सिंह, गुलाब सिंह, सूरज सिंह, टिंकू सिंह, चिंटू सिंह एवं पुष्पेन्द्र ने उनके परिवार के तेजभान सिंह और जयभान सिंह सोलंकी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं।

रिपोर्ट के आधार पर थाना बड़वारा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की अन्य धाराएं भी जोड़ी गईं।घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहे थे और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में 18 जून 2026 को बड़वारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी सूरज सिंह पिता अमोल सिंह, अमोल सिंह पिता रामेश्वर सिंह एवं चिंटू सिंह पिता मिथिलेश सिंह, निवासी ग्राम परसेल, थाना बड़वारा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी के.के. पटेल, सहायक उप निरीक्षक महेश प्रताप सिंह एवं प्रधान आरक्षक नितेश डोंगरे की विशेष एवं भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### जिला जेल में योगाभ्यास का हुआ आयोजन

**कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला जेल में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम के मद्देनजर बंदियों के बीच लगातार योगाभ्यास कराया जा रहा है। शुक्रवार को इस अभियान का पांचवां दिन रहा, जिसमें बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आनंद विभाग कटनी, जेल प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। नियमित योगाभ्यास से बंदियों में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन की भावना विकसित हो रही है। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में योग सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर आनंद विभाग से अनिल काम्बले, जेल शिक्षिका श्रीमती दीप्ती श्रीवास्तव एवं पतंजलि योग समिति से योग शिक्षक विवेक परोहा उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों ने बंदियों को विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के लाभों की जानकारी दी।

### श्रमिकों को मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ

**कटनी।** जिले की समस्त औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों और कामगारों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत तहत पंजीयन कराने की अपील की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कटनी की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे कामगार, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है और जो एनपीएस, ईएसआईसी या ईपीएफओ के सदस्य नहीं हैं, वे पात्र होंगे। पात्र श्रमिक न्यूनतम मासिक अंशदान जमा कर कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर (CFC) या 'मानधन' पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर निश्चित मासिक पेंशन प्राप्त होगी, जिससे उनका बुढ़ापा आर्थिक रूप से सुरक्षित हो सकेगा। योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिकों के पास आधार कार्ड (जो मोबाइल नंबर से लिंक हो) तथा बैंक खाते की जानकारी होना अनिवार्य है। औद्योगिक इकाइयों के संचालकों से भी अपील की गई है कि वे अपने यहां कार्यरत श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीयन कराएं, ताकि उन्हें भविष्य में आर्थिक संबल मिल सके।

### पाली स्थित सूखे तालाब में गिरने से युवक की संदेहास्पद मौत

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पाली में एक युवक की सूखे तालाब में गिरने से संदेहास्पद मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम पाली निवासी राजकुमार यादव के रूप में हुई है। घटना 17 जून की सुबह की है, जब राजकुमार अचानक गांव के सूखे तालाब में गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मर्ग दर्ज किया है। पुलिस घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

### अलग अलग हादसों में दंपत्ति सहित 4 लोग हुये घायल

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम चहनटी के पास बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गये। शाहनगर निवासी सुषमा कोरी अपने पति सखाराम कोरी 45 के साथ चनेहटी एचपी पेट्रोल पंप के पास से गुजर रही थीं तभी मोटरसाइकिल MP 35 ZE 1193 के चालक ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कुठला पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसी तरह बहोरीबंद थाना अंतर्गत उदयपुरा मोड़ बुधनवारा के पास एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा MP 20 XD 3732 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। इस हादसे में मक्सूद खान और फरदीन खान को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उमरियापान, ढीमरखेड़ा सहित सिलौड़ी के पंपों पर नहीं मिल पा रहा पेट्रोल व डीजल

# गहराया संकट: पंपों पर सैकड़ों किसान डिब्बे लेकर कतार में खड़े, खेती का काम भी लटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल की कमी से किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। ढीमरखेड़ा और उमरियापान के बाद अब सिलौंड़ी स्थित पेट्रोल पंप पर भी डीजल लेने के लिए किसानों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। शुक्रवार रात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें किसान डीजल प्राप्त करने की उम्मीद में अपने डिब्बे आगे रखकर घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। इन दिनों खरीफ सीजन की तैयारियां चरम पर हैं। खेतों की जुताई, बुवाई एवं अन्य कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों में डीजल की मांग बढ़ गई है। ऐसे समय में डीजल की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसानों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

किसानों का कहना है कि उन्हें दिनभर पेट्रोल पंपों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। रात में भी डीजल मिलने की उम्मीद में घंटों इंतजार करना पड़ता है। इसके बावजूद कई बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है।किसानों ने बताया कि डीजल संकट के कारण खेतों की जुताई प्रभावित हो रही है, जिससे खरीफ फसलों की समय पर बुवाई पर भी असर पड़ने की आशंका है। बारिश का मौसम शुरू होने के साथ खेती-किसानी के कार्यों में तेजी आने वाली है, लेकिन ईंधन की कमी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कई किसान रातभर जागकर डीजल की व्यवस्था करने में जुटे हैं ताकि कृषि कार्य समय पर पूरे किए जा सकें।

किसानों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति सामान्य नहीं हुई तो कृषि कार्य प्रभावित होंगे और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन**

किसानों को खाद, बीज और कृषि संबंधी अन्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं होने से बढ़ रही समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ जिला कटनी ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पटेल ने बताया गया है कि जिले की सहकारी समितियों में अभी तक किसानों को खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं हैं। खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच किसान आईडी के माध्यम से समय पर खाद-बीज प्राप्त कर खेती कार्य शुरू करना चाहते हैं, लेकिन समितियों में पर्याप्त भंडारण नहीं होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने यूरिया, डीएपी, जिंक, पोटाश, राखड़ एवं एनपीके जैसे उर्वरकों की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है। मूंग एवं उड़द फसल के पंजीयन के लिए आवश्यक गिरदावरी की जानकारी समय पर पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सकी, जिससे बड़ी संख्या में किसान पंजीयन कराने से वंचित रह गए हैं।

किसान संघ ने पंजीयन अवधि में 15 दिन की वृद्धि करने तथा मूंग एवं उड़द की औसत उपज 6 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित करने की मांग की है। इसके अलावा गेहूं उपार्जन के दौरान प्रति एकड़ खरीदी सीमा 18 क्विंटल से घटाकर 13 क्विंटल किए जाने पर भी किसान संघ ने आपत्ति जताई है। जिले के हजारों किसान समर्थन मूल्य पर अपना पूरा गेहूं नहीं बेच सके, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### योग दिवस पर राज्य मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**कटनी।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार, 21 जून को कटनी के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस वर्ष योग दिवस की थीम "योगा फॉर हेल्दी एजिंग" निर्धारित की गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 6 बजे से पहले सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद 6 बजे अतिथियों का आगमन होगा तथा 6 से 6:30 बजे तक अतिथियों के उद्बोधन होंगे। इसके पश्चात 6:30 बजे से कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। सुबह 6:45 बजे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन प्रसारित किया जाएगा, जिसे उपस्थितजन सुनेंगे। इसके बाद 7 से 7:45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। डीईओ राजेश अग्रहरी ने सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं योग प्रेमियों से पहुंचने अपील की है।

*आरोपितों की गिरफ्तारी होने तक हड़ताल करने की जिद पर अड़े कर्मी*

## मारपीट मामले को लेकर ननि कर्मचारियों ने शुरू की काम बंद हड़ताल, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



अतिक्रमण विरोधी टीम पर हुए कथित हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी। प्रशासन और पुलिस को दिया गया अल्टीमेटम शुक्रवार सुबह समाप्त होते ही अमले ने अपने वादे के मुताबिक पूर्णतः काम बंद हड़ताल शुरू कर दी है।

सुबह से ही नगर निगम दफ्तर के सभी विभागों में ताले लटके नजर आए और कर्मचारी काम छोड़कर प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को दो घंटे के सांकेतिक प्रदर्शन के बाद अधिकारियों की समझाइश पर कर्मचारी काम पर लौटे थे। लेकिन उन्होंने साफ चेतावनी दी थी कि यदि शुक्रवार सुबह 10 बजे तक पुलिस ने सुस्त रवैया छोड़कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। समय सीमा बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली रहने के कारण कर्मचारियों ने आज सुबह से ही कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया।

**गिरफ्तारी की मांग**

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि पुलिस इस मामले को बेहद हल्के में ले रही है। शासकीय कार्यालय में घुसकर सरेआम मारपीट करने वाले आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे नगर निगम कर्मियों में असुरक्षा की भावना है। संघ के पदाधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जब तक सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे नहीं भेजा जाता, तब तक कोई भी कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौटेगा। कर्मचारियों की हड़ताल से नगर निगम के प्रशासनिक कार्यों समेत साफ-सफाई, जल प्रदाय और अतिक्रमण विरोधी अभियानों पर इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। यदि यह गतिरोध जल्द नहीं सुलझा, तो आने वाले दिनों में शहर की नागरिक व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा सकती हैं। फिलहाल स्थिति को देखते हुए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों को मनाने और पुलिस विभाग से समन्वय बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

### नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर दूर रहने किया प्रेरित



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान, विकसित भारत की पहचान थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने 17 जून से 26 जून 2026 तक संचालित होने वाले नशा मुक्त भारत अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत के निर्माण की शुरुआत घर, परिवार और गांव से ही करनी होगी। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि नशे की लत से ग्रसित लोगों को जागरूक कर उन्हें इससे दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए संकल्पित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीनदयाल चक्रवर्ती, शिवानी पटेल, मुस्कान पटेल, साक्षी यादव, गुड़िया कुर्मी, शुभी गर्ग, अपूर्वा द्विवेदी, क्षमता राजपूत एवं आकांक्षा चक्रवर्ती का योगदान रहा। इस मौके पर डॉ. सचिन कोष्टा, डॉ. श्वेता सिंह बघेल, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, डॉ. राजाराम सिंह, डॉ. हर्षित द्विवेदी, डॉ. स्मिता परसाई, विद्यार्थी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## हितग्राहियों को बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का दिया जा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण को समर्पित सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पहाड़ी निवार पंचायत में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जन कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य सरकार द्वारा पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया गया है।

आज देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और गांव, गरीब एवं किसानों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का उद्देश्य शासन की योजनाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक बिना किसी भेदभाव के समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

*जल सप्लाई की हो रही मानीटरिंग, लीकेज का किया जा रहा मरम्मत*

## पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों में टैकरों के माध्यम से की जा रही जल सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर पालिक निगम कटनी की जल प्रदाय विभाग की टीम द्वारा ग्रीष्मकालीन पेयजल आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए कटाए घाट फिल्टर हाउस से ट्यूबवेल तक, पंपिंग स्टेशन से पाइपलाइन तक मॉनिटरिंग की जाकर हर घर तक निर्बाध, पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हेतु प्रयास किए जा रहे है। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता संबंधी जांच हेतु विगत दिवस नगर के विभिन्न 10 अलग अलग स्थानों से पेयजल के नमूने एकत्रित किए जाकर जांच हेतु भेजे गए।

जल संकट को रोकने निगम की टीम द्वारा 'स्त्रोत से नल तक' मॉनिटरिंग की जा रही है। कटाएघाट फिल्टर हाउस में जल स्तर, क्लोरीनेशन एवं पंपिंग दाब की प्रति पाली जांच की जा रही है। वहीं शहर के विभिन्न वार्डों में लगे ट्यूबवेल को अतिरिक्त समय तक चलाकर बैकअप सुनिश्चित किया जा रहा है। जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि किसी भी क्षेत्र में दाब कम होने या समय पर सप्लाई न पहुंचने की शिकायत मिलते ही तुरंत कारण का पता लगाकर सुधार किया जाए। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि बोर का जलस्तर नीचे जाने या विद्युत व्यवधान जैसी आकस्मिक समस्या के बावजूद आपूर्ति बाधित न हो।

पेयजल आपूर्ति के दौरान बोर जलस्तर डाउन होने, ट्रांसफार्मर फॉल्ट या लाइन मरम्मत जैसे कारणों से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निगम प्रशासन द्वारा 23 टैंकरों को स्थायी रूप से संलग्न किया है। जिनके माध्यम से नगर के विभिन्न स्थलों लखेरा, गायत्री नगर, रोशन नगर, अमीरगंज, इंदिरा नगर, पहरूआ आदि में टैंकरों से जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए निगम की विशेष रिपेयर टीम लगातार फील्ड में है। गुरुवार को शहर के 16 विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज, वाल्व जाम एवं टूट-फूट की शिकायतें मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिकता से मरम्मत की गई। अधिकारियों को निर्देश है कि शिकायत दर्ज होने के 2 घंटे के भीतर स्थल पर पहुंचकर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि 'लीकेज से जल संकट' की स्थिति न बने।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें, साथ ही यदि कहीं भी पाइपलाइन से पानी रिसता दिखे तो तुरंत कंट्रोल रूम नंबर 14420 पर सूचना दें। ताकि लीकेज का सुधार कराया जाकर जल अपव्यय को रोका जा सके।

### नेशनल बुक रीडिंग डे पर हुई पुस्तकों की चर्चा

## डाइट फेकल्टी, जन शिक्षकों ने किया विद्यार्थियों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले के विभिन्न छात्रावासों एवं विद्यालयों में नेशनल बुक रीडिंग डे के अवसर पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा पुस्तकालयों में विभिन्न विधाओं की पुस्तकें पढ़ी गईं एवं उन पर चर्चा की गई।

इसी श्रृंखला में डाइट कटनी के वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला के सी एस कटनी एवं शासकीय माध्यमिक शाला खिरहनी में पहुंचकर पढ़ने की आदत के विकास एवं अवचेतन मन की शक्ति पर गहन चर्चा की गई। श्री असाटी ने विद्यार्थियों को बताया कि हम जिन कार्यों का अभ्यास लगातार 31 दिन कर लेते हैं, वह हमारे जीवन की आदतों में शामिल हो जाते हैं। अतः हमें अच्छी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाने के लिये उन्हें निरंतर करना होगा अन्यथा हम चाहकर भी अच्छे कार्य नहीं कर पायेंगे।

**बच्चों को सुनाई कहानी**

इसी प्रकार शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी में प्रभारी प्राचार्य मनोज हल्दकार, बलबीर सिह एवं दिनेश झारिया ने तथा प्राथमिक शिक्षक जयभान यादव और शिक्षिका पार्वती रौतेल ने प्राथमिक शाला परसेल में नाई और पूँछ कटा बाघ कहानी सुनाई।

उल्लेखनीय है कि जिले के सभी विद्यालयों में पुस्तकालय के माध्यम से पढ़ने की संस्कृति के विकास हेतु डाइट कटनी द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिये विद्यालयों में सभी विद्यार्थियों के लेन देन कार्ड भी संधारित किये गये हैं। छात्रों से संवाद के दौरान मॉर्निंग वाक, शांत समय के महत्व, नियमित पठन, पढ़ी गई पुस्तकों पर चर्चा, दिनचर्या निर्माण, कापी किताबों का रखरखाव, ई मटेरियल का प्रभावी उपयोग, नियमित विद्यालय उपस्थिति इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

आगामी समय में डाइट प्राचार्य एम पी डुंगडुंग द्वारा पढ़ने की संस्कृति के विकास हेतु उत्कृष्ट प्रयास करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की योजना भी बनाई गई है। विद्यालय भ्रमण के समय शिक्षिका किरण गर्ग, सुचिता बैरागी, माधुरी गर्ग, शिवकुमार सोलंकी, रेवा नेगी , निधि अग्रहरी, रश्मि परिहार ने शिक्षक छात्र संवाद में सहभागिता की।

## महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन कर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



राज्यसभा नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में महिला कांग्रेस ने थाना तिराहा पर प्रदर्शन करते हुए चुनाव आयोग प्रमुख का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। कार्यक्रम मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश तथा महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोसी सेतिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रदर्शन का नेतृत्व महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव एवं शहर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजनी वर्मा ने किया।

प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए ज्ञापन के माध्यम से मामले पर पुनर्विचार की मांग उठाई। कार्यक्रम के संचालन, कार्यकर्ताओं के समन्वय एवं विरोध प्रदर्शन को संगठित रूप देने में रजनी वर्मा की भूमिका प्रमुख रूप से सामने रही।

रजनी वर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी और अधिकारों के समर्थन में खड़ी है तथा इस विषय को लेकर संगठन अपनी आवाज लगातार उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य संबंधित मुद्दे पर जनमत तैयार करना और अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के समापन पर महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए मामले में न्यायोचित निर्णय की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला, ग्रामीण महिला जिला अध्यक्ष माधुरी जैन, पू.कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी, राकेश जैन, विजय पटेल, प्रशांत जैसवाल,सेवादल अध्यक्ष मंगल सिंह, सुमन रजक, आदिता वर्मा, शुभ मंगलानी, मंजू निषाद, लता कनौजिया, मुमताज बानो, सुषमा सिंह आदि मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा का कलश यात्रा से शुभारंभ

**दमोह।** ऐतिहासिक प्राचीनतम तीर्थ स्थल देव श्री रघुनाथ धाम जटाशंकर परमहंस संत सीताराम दास दद्दा जी महराज की तपस्या स्थली पर राष्ट्रीय संत दद्दानंदन महाराज की संगीतमय दिव्य भागवत कथा की कलश यात्रा शिव पार्वती मंदिर हनुमान मंदिर जेल परिसर से गाजे बाजे के साथ रघुनाथ धाम पहुंची। जहां बैठकी के प्रथम दिन में राष्ट्रीय संत द्दानंदन महाराज ने राष्ट्र के नाम संदेश देते हुए कहा कि युग तपस्या पुरूषी बसंत सीताराम दास जी महाराज की तप साधना स्थली पर श्रीमद् भागवत कथा का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं, ये मेरे लिये गौरव के पल हैं। अपनी सरसमयी वाणी से संत जी ने कहा कि भागवत जी के माध्यम से हम मां भारती को सही अर्थो में सुजला सुफला बनायेगें। ये वश प्रहरण धारिणी बनकर जनजन को समृद्धि देगी और सरस्वती बनकर ज्ञान का प्रकाश फैलाकर अंधकार को दूर भगायेगी। इस अवसर पर उन्होने कुरीतियों पाखंड वाद पर भी प्रहार किया। इस अवसर पर भागवत कथा के मुख्य श्रोता रामेश्वर पाठक ने कलश यात्रा के सभी भक्तो को प्रणाम करते हुए आभार माना और दिनांक 19 जून से 25 जून तक श्रीमद्भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की हैं।

### पन्ना के ऐतिहासिक चौमुखनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों को सुविधाओं का अभाव

**पन्ना।** जिले के सलेहा क्षेत्र के समीप स्थित नचना-कुठार गांव का प्राचीन एवं ऐतिहासिक चौमुखनाथ मंदिर आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। भगवान शिव की दुर्लभ चतुर्मुखी प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध यह मंदिर न केवल पन्ना जिले, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। भारतीय पुरातत्व संरक्षण के अंतर्गत होने के बावजूद यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कई मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। श्रावण मास, महाशिवरात्रि, बसंत पंचमी तथा प्रत्येक सोमवार को हजारों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए यहां पहुंचते हैं। लेकिन मंदिर परिसर में पर्याप्त छायादार व्यवस्था नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को तेज धूप और बारिश के दौरान पेड़ों के नीचे शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर परिसर में महिलाओं, बच्चियों और वृद्धजनों के लिए शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। वहीं भगवान शिव को जल अर्पित करने के लिए पर्व-त्योहारों पर लंबी कतारें लग जाती हैं, क्योंकि मंदिर के समीप केवल एक हैंडपंप ही जल का प्रमुख स्रोत है। पास स्थित तालाब का पानी प्रदूषित होने के कारण पूजा-पाठ और उपयोग के योग्य नहीं माना जाता। भीषण गर्मी के दिनों में भी मंदिर परिसर में हैंडपंप के अतिरिक्त पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा सलेहा से नचना-कुठार तक पहुंचने वाली सड़क भी जर्जर स्थिति में है, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का मानना है कि यदि मंदिर क्षेत्र में पेयजल, शौचालय, छायादार विश्राम स्थल, धर्मशाला तथा बेहतर सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएं तो यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने मंदिर परिसर के आसपास धर्मशाला निर्माण की मांग की है, ताकि श्रद्धालुओं को ठहरने और धार्मिक आयोजनों के संचालन में सुविधा मिल सके। साथ ही मंदिर के निकट स्थित तालाब का संरक्षण एवं शुद्धिकरण कर उसे स्नान और धार्मिक उपयोग के योग्य बनाने की मांग भी उठाई गई है। श्रद्धालुओं ने यह भी मांग की है कि मंदिर में दर्शन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रवेश और निकास के अलग-अलग द्वार बनाए जाएं। वर्तमान में एक ही मार्ग से श्रद्धालुओं का आवागमन होने के कारण पर्व-त्योहारों और विशेष अवसरों पर भारी भीड़ के दौरान महिलाओं, वृद्धजनों और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अलग-अलग प्रवेश एवं निकास मार्ग बनने से दर्शन व्यवस्था अधिक सुचारु और सुरक्षित हो सकेगी। आस्था और इतिहास की अमूल्य धरोहर माने जाने वाले चौमुखनाथ मंदिर में सुविधाओं का विस्तार अब समय की आवश्यकता बन गया है, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और क्षेत्र का धार्मिक एवं पर्यटन महत्व और अधिक बढ़ सके।

## हिंदी भाषा को नई दिशा दी

# पंडित माधवराव सप्रेजी का 155वां जन्मदिवस मनाया

दमोह

**पंडित माधवराव सप्रे जी ने न केवल हिंदी भाषा को नई दिशा दी, बल्कि अन्य भाषाओं में भी अपनी विद्वता का परचम लहराया। कई साहित्यिक मंचों पर यह उल्लेख मिलता है कि हिंदी वाचन और अनुवाद कार्यों में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**



डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने हिंदी साहित्य के महान पुरोधा एवं क्षेत्र के गौरव पंडित माधवराव सप्रे का 155वां जन्मदिवस के अवसर पर पथरिया में माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय में आयोजित गरियामय कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में सप्रे जी के हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें हिंदी जागरण का अग्रदूत बताया।

उनका अधिकांश जीवनकाल रायपुर में बीता, जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ की राजधानी है, जबकि उनका जन्म एवं प्रारंभिक जीवन पथरिया की धरती पर बीता, जो क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है। उनके सम्मान में ही कॉलेज का नाम पंडित माधवराव सप्रे के नाम पर रखा गया, इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं

### पथरिया सहित जिले के पांच संस्थानों में कृषि संकाय प्रारंभ

राज्यमंत्री श्री पटेल ने क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही कृषि संकाय की मांग पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि पूर्व में कृषि संकाय केवल दमोह और हटा में संचालित था, लेकिन अब जिले में पांच स्थानों पर कृषि संकाय प्रारंभ करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं, इन संस्थानों में पथरिया, तेंदूखेड़ा, दमोह तथा हटा के विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं स्तर पर कृषि संकाय शुरू किया जाएगा। नए शैक्षणिक सत्र के साथ ही विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

### विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

कृषि संकाय प्रारंभ होने की घोषणा से विद्यार्थियों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे ग्रामीण एवं कृषि आधारित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शिक्षा और रोजगारोन्मुखी अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, महेश पटेल, एसडीएम निकेत चौरसिया सहित जनप्रतिनिधिगण, प्राचार्य, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएँ, गणमान्य नागरिक सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा की किसान कार्यशाला सम्पन्न, प्राकृतिक जैविक खेती पर दिया गया जोर




**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, जिला दमोह एवं कृषि विभाग द्वारा 19 जून को मानस भवन में आयोजित किसान कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक, जैविक खेती एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह विधायक जयंत मलैया जिला महामंत्री महेश पटेल, कार्यशाला संभाग प्रभारी श्रीमती नर्मदा सिंह, कार्यक्रम जिला प्रभारी करन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति ठाकुर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह, कृषि विभाग संचालक जे.एल. प्रजापति, कृषि वैज्ञानिक डॉ मनोज अहिरवार, डॉ ललित विश्वकर्मा, डॉ राजेश द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, जैविक खाद के उपयोग, लागत में कमी तथा उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही किसानों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया।लखन पटेल ने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान अपनी लागत कम कर सकते हैं और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्राकृतिक जैविक खेती हमारी सनातन धर्म का हिस्सा है, आज हम उसी सनातन पद्धति पर लौट रहे हैं।जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि भाजपा किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे आयोजन किसानों को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। आधुनिक तकनीक एवं प्राकृतिक खेती के समन्वय से कृषि क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं।श्रीमती रंजीता

## पीएमयूएम संघ तेंदूखेड़ा ब्लॉक की बैठक संपन्न

**कर्मचारी कल्याण कोष योजना के विस्तार, प्रोफाइल अपडेट एवं शिक्षक हितों पर हुआ मंथन**



**तेंदूखेड़ा।** प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ (पीएमयूएम) तेंदूखेड़ा ब्लॉक की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय एक्सीलेंस स्कूल परिसर में जिला अध्यक्ष एवं प्रांत संयोजक पवन खरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में संघ द्वारा संचालित कर्मचारी कल्याण कोष योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, नवीन सदस्य पंजीयन, प्रोफाइल अपडेट, तकनीकी समस्याओं के समाधान तथा शिक्षक हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संयोजक पवन खरे ने कहा कि कर्मचारी कल्याण कोष योजना आज प्रदेश के हजारों शिक्षक परिवारों के लिए सुरक्षा का मजबूत आधार बन चुकी है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 से पूर्व पंजीयन करा चुके अनेक शिक्षकों की प्रोफाइल अपडेट न होने तथा तकनीकी कारणों से सहयोग सूची में नाम प्रदर्शित नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा ताकि कोई भी पात्र शिक्षक योजना के लाभ से वंचित न रहे।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचकर शेष शिक्षकों का अधिक से अधिक पंजीयन कराया जाएगा। साथ ही जिन शिक्षक साथियों को प्रोफाइल अपडेट, ऑनलाइन सहयोग अथवा अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं में कठिनाई आ रही है, उनके लिए विशेष सहायता अभियान चलाया जाएगा। बैठक के दौरान कई शिक्षकों की लंबित प्रोफाइल का मौके पर ही सफलतापूर्वक अपडेट भी कराया गया।वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी कल्याण कोष योजना शिक्षकों और उनके परिवारों के लिए कठिन समय में संबल का कार्य कर रही है। इसलिए प्रत्येक शिक्षक का इस योजना से जुड़ना आवश्यक है, जिससे संगठन और अधिक मजबूत हो तथा अधिकाधिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके।बैठक में जिला अध्यक्ष एवं प्रांत संयोजक पवन खरे, कैलाश असाटी, दिनेश सेन, रामरतन, लक्ष्मण पटेल, मुंशी सिंह, बलराम यादव, तखत सिंह सहित ब्लॉक के अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने संगठन को मजबूत बनाने तथा प्रत्येक पात्र शिक्षक को कर्मचारी कल्याण कोष योजना से जोड़ने का संकल्प लिया।

# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर सेवा और समर्पण के विविध कार्यक्रम आयोजित

दमोह।




भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दमोह एवं युवक कांग्रेस द्वारा सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण की भावना के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रमों की शुरुआत स्थानीय वृद्धाश्रम से हुई, जहां कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वृद्धजनों के साथ आत्मीयता से समय व्यतीत किया। इस अवसर पर वृद्धजनों के साथ केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया तथा उन्हें फल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पं. मनु मिश्रा संगठन महासचिव पं नितिन मिश्रा ,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर, युवक कांग्रेस अध्यक्ष द्राकपाल लोधी, आईटी सेल अध्यक्ष खिल्लू ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का जीवन सदैव समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों की सेवा के लिए समर्पित रहा है। उनके इसी सेवा भाव से प्रेरित होकर कांग्रेस परिवार द्वारा यह आयोजन किया गया है।इसके पश्चात युवक कांग्रेस द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। युवाओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बनता है।कार्यक्रमों में कमल निषाद, विरेन्द्र ठाकुर ,लालचंद राय, डीपी पटेल,बबलू भट्ट, राजा रोहतेला,पप्पू कसौटिया, रफीक खान, पार्षद हेमराज, मिक्की चंदेल,मदन सुमन, मुकेश रोहताश, समीम कुरेशी, अमित बीदौलिया बसंत कुशवाहा, दिनेश रैकवार, अभिषेक यादव, वीर पटेल, वकील कुरेशी, एक चिश्ती, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवक कांग्रेस के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने राहुल गांधी के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उनके विचारों और जनसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने सेवा, सहानुभूति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक संदेश समाज तक पहुंचाया।

## खेत की तारबंदी बनी मौत का जाल, करंट लगने से किसान की दो भैंसों की दर्दनाक मौत, एफआईआर दर्ज

**अमानगंज। पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सकतपुरा गांव में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां खेत की तारबंदी में प्रवाहित किए गए कथित विद्युत करंट की चपेट में आने से किसान की दो भैंसों की मौत हो गई।**



पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सकतपुरा निवासी रावेन्द्र कुशवाहा 31 वर्ष ने अमानगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 17 जून 2026 की सुबह उसने अपनी एक भैंस और एक पड़वा चरने के लिए छोड़ा था। कुछ समय बाद गांव के एक व्यक्ति ने सूचना दी कि दोनों पशु शंकर कुशवाहा के खेत के पास मृत अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलते ही रावेन्द्र कुशवाहा अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान उन्होंने देखा कि खेत की तारबंदी के पास बिजली के तार जुड़े हुए थे और कथित रूप से उसमें विद्युत प्रवाह किया जा रहा था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि खेत की बारी में करंट प्रवाहित होने के कारण उसके दोनों पशु करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी शंकर कुशवाहा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले की जांच कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक राघवेंद्र प्रधान को सौंपी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि फसलों को जानवरों से बचाने के लिए खेतों की तारबंदी में बिजली प्रवाहित करना बेहद खतरनाक है और इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# अवैध नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग, एसडीओपी पवई को सौंपा ज्ञापन



**पवई।** भगवती मानव कल्याण संगठन, शाखा पन्ना द्वारा जिले में अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने की मांग को लेकर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) पवई के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नशे के अवैध कारोबार पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि एक ओर सरकार शराब दुकानों को लाइसेंस प्रदान कर रही है, वहीं दूसरी ओर नशामुक्ति अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे में समाज को नशे से मुक्त बनाने के लिए अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है। ज्ञापन में बताया गया कि भगवती मानव कल्याण संगठन लंबे समय से नशामुक्त, भयमुक्त एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित समाज के निर्माण के उद्देश्य से जनजागरण अभियान चला रहा है। संगठन द्वारा समय-समय पर रैलियों, जनसंपर्क अभियानों एवं ज्ञापनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है। संगठन ने आरोप लगाया कि जिला पन्ना के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियां लगातार संचालित हो रही हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है तथा सामाजिक एवं पारिवारिक वातावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में रैपुरा स्थित शराब दुकान से संबंधित पूर्व में की गई शिकायतों का भी उल्लेख किया गया। संगठन ने मांग की कि यदि आबकारी नियमों के उल्लंघन अथवा अन्य अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुई हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। संगठन ने पूरे जिले में अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने, संबंधित विभागों की जवाबदेही तय करने तथा भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नियमित निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस प्रशासन जनहित, कानून-व्यवस्था एवं युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस विषय में शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई करेगा।

## स्कूल का ताला तोड़कर चोरी करने एवं खेतों से मोटर चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**चोरी की गई सामग्री कीमती करीबन 60 हजार की बरामद**



**पवई।** पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अपने थाना क्षेत्र में हुई चोरियों का खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में फरियादी श्री सुनील कुमार जैन प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक शाला झिलमिला ने थाना पवई में ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 13/06/26 की दरम्यानी रात को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा स्कूल का ताला तोड़कर स्कूल की महत्वपूर्ण सामग्री चोरी कर ली है एवं स्कूल के दस्तावेजों में आग लगा दी है जिससे थाना पवई में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद किया गया था , इसके अलावा फरियादी लोकेंद्र सिंह निवासी ग्राम बुधेडा के द्वारा अपने खेत में लगी मोटर चोरी होने की भी रिपोर्ट थाना पवई में पंजीकृत कराई थी। उक्त दोनों अपराधों में विवेचना के दौरान पवई थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार ने मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही प्रदीप पटेल उर्फ जहरीला पिता प्रभु पटेल उम्र 21 साल निवासी मुराछ थाना पवई , प्रिंस राजा पिता शरण गोपाल सिंह उम्र 25 साल निवासी बुधेड़ा थाना अमानगंज से पूछताछ की जिन्होंने पूछताछ के दौरान शासकीय माध्यमिक शाला झिरमिला से शासकीय सामग्री की चोरी एवं ग्राम मुराछ के खेत में लगी सिंचाई की मोटर चोरी करना स्वीकार किया है आरोपियों के द्वारा चोरी की गई कुल सामग्री कीमती करीबन साठ हजार रूपये की बरामद कराई है। आरोपियों को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय के आदेश से उप जेल पवई भेज दिया गया है।

**उल्लेखनीय भूमिका-** उक्त संपूर्ण करवाई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राम सजीवन तिवारी, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार अहिरवार , प्रधान आरक्षक कमलेश शर्मा, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र प्रजापति , आरक्षक राकेश डुडवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## भाजपा किसान मोर्चा ने आयोजित की प्राकृतिक एवं जैविक खेती कार्यशाला, सफल किसानों का किया सम्मान



**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला पन्ना द्वारा जनपद सभा गृह, पन्ना में प्राकृतिक एवं जैविक खेती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम को भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप अवस्थी एवं भाजपा के पूर्व सह मीडिया प्रभारी आशीष तिवारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिले के अनेक किसान, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व, उसके लाभ तथा उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने किसानों से रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया, जिससे खेती की लागत में कमी आए, भूमि की उर्वरता बनी रहे तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिले। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने भी सहभागिता करते हुए प्राकृतिक एवं जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों तथा प्राकृतिक खेती के दीर्घकालिक लाभों की जानकारी देते हुए आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती अपनाकर सफल खेती करने वाले किसानों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप अवस्थी एवं अन्य अतिथियों ने सम्मानित किसानों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रति जागरूक करना, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रेरित करना रहा।

## निजी भूमि पर अतिक्रमण का आरोप, स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण जारी

**पन्ना।** पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में निजी कृषि भूमि पर कथित अतिक्रमण का मामला सामने आया है। भूमि स्वामी मनोज कुमार डिम्हा ने आरोप लगाया है कि उनकी कृषि भूमि खसरा क्रमांक 1612, रकबा 2.01 हेक्टेयर में से लगभग 0.80 हेक्टेयर भूमि पर गांव के मायका आदिवासी एवं दस्सी बाई आदिवासी द्वारा कब्जा किया गया है भूमि के अंश भाग 15 10 पर मकान निर्माण कराया जा रहा है। आवेदक के अनुसार मामले की शिकायत तहसील कार्यालय में की गई थी, जिस पर तहसीलदार पवई द्वारा 10 जून को संबंधित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने एवं निर्माण कार्य पर स्थगन आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद निर्माण कार्य लगातार जारी रहने का आरोप लगाया गया है। मनोज कुमार डिम्हा का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित पक्षों को निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी दी गई।

## खबर संक्षेप

### जबलपुर में होगा राज्य स्तरीय सम्मेलन

**दमोह।** आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व कैबिनेट मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर जी के निर्देशानुसार जबलपुर में संभागीय राज्य स्तरीय सम्मेलन आई.एम.ए हाल चंचलाबाई कॉलेज के पास रानीताल जबलपुर में 23 जनवरी को 11: 00 बजे से आयोजित है। आम आदमी पार्टी प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे का दमोह आगमन हुआ।, जिसमें आगामी 23 जून 2026 में प्रदेश संभागीय सम्मेलन जबलपुर जोन दमोह से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे, इसी तैयारी को लेकर में होटल लगुन पैलेस जबलपुर रोड गुरुनानक स्कूल के पास दमोह मैं बैठक सम्पन्न हुई सभी दमोह जिले के पदाधिकारी उपस्थिति रहे, जिसमें प्रदेश मजदूर संघ अध्यक्ष बसंत राय, पूर्व अध्यक्ष बृजेश चौबे, जिला अध्यक्ष प्रकाश लारिया, जिला सचिव फिरोज खान, जिला उपाध्यक्ष हेमंत राय, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष उमर मंसूरी, जिला सह सचिव किशोर नामदेव, जिला सह प्रभारी हेमंत सुमन समस्त पदाधिकारी उपस्थिति रही।

### फ्लैग मार्च निकालकर उपद्रवियों को दी चेतावनी तीन नामजद आरोपियों पर मामला दर्ज

**छतरपुर।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र में पुलिस ने उपद्रवियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। बीती रात छपरा गांव में आयोजित एक इवेंट के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पुलिस की 112 वाहन पर पत्थरबाजी और तोडफ़ोड़ किए जाने का मामला सामने आया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भारी पुलिस बल चंदला पहुंचा और हालात पर नियंत्रण किया गया।

इसके बाद थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला के नेतृत्व में सर्किट हाउस से बंसिया तिराहा तक विशाल फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और कानून हाथ में लेने वालों को कड़ा संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उपद्रव और हिंसा फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।वृद्धाश्रम में सेवा कार्य कर कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

### बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद, राहुल गांधी की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना की

**छतरपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गगन यादव के नेतृत्व में सेवा और समर्पण के भाव के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता स्थानीय वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया तथा उनके बीच फल एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की।
कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जनहित से जुड़े विषयों पर निरंतर संघर्ष कर रहे हैं और आम लोगों की आवाज बनने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष गगन यादव ने बताया कि जन्मदिवस को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा दिवस के रूप में मनाया गया है। वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया गया और राहुल गांधी के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।
इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश में सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### जबलपुर स्टेट हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# बस और कार की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार शाम पूरनयाऊ के पास हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह से गुबरा सिंगपुर की ओर जा रही श्री जैन बस सर्विस की बस (क्रमांक एमपी 34 जेडबी 0720) और आई-20 कार के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई ,भिड़ंत में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि दुर्घटना में अखिलेश प्रजापति, मुकेश प्रजापति एवं माया प्रजापति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं आई-20 कार चालक रशीद खान निवासी शाहगंज तथा रीना प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए।

# जरा सी हवा चलने पर छा जाता है अंधेरा अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



आधुनिक जीवन में बिजली अब केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि दैनिक जरूरत का सबसे महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। वहीं हटा क्षेत्र में मानसून ने ठीक से दस्तक भी नहीं दी है, लेकिन नगर में बिजली विभाग के पसीने छूटने लगे हैं। मौसम में आए जरा से बदलाव, हल्की सी हवा और चंद बूंदों की फुहारों में ही विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह घुटनों पर ला दिया है। आलम यह है कि आसमान में बादल छाते ही पूरा इलाका घने अंधेरे के आगोश में समा जाता है। एक तरफ प्रदेश में 'सुशासन' का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, तो दूसरी तरफ धरातल पर बिजली विभाग का यह लचर और गैर-जिम्मेदाराना रवैया नगर व गांव के लिए जी का जंजाल बन चुका है। मानसून पूर्व की इस बदहाली ने विभाग के उन तमाम दावों की कलई खोलकर रख दी है, जिनमें करोड़ों रुपये खर्च कर मेंटेनेंस करने की बातें कही जाती हैं। क्षेत्र में सबसे ज्यादा त्राहि-त्राहि रात के वक्त मची हुई है। दिनभर की भीषण गर्मी और उमस से बेहाल लोग जब रात को चैन की नींद सोने की उम्मीद करते हैं, ठीक उसी वक्त अघोषित बिजली कटौती का तांडव शुरू हो जाता है। रोज रात को तीन से चार घंटे तक बिजली का गुल रहना अब इस हटा की नियति बन चुका है। इस कड़कड़ाती उमस में बिना पंखे और कूलर के रातें गुजारना छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए किसी यातना से कम नहीं है। रात भर जागने के कारण लोगों का जनजीवन और स्वास्थ्य दोनों बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या एक-दो दिन या कुछ महीनों की नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी है। हर मौसम में मेंटेनेंस के नाम पर घंटों और कई बार दो से तीन दिनों तक घोषित कटौती की जाती है। इसके अलावा छोटी-छोटी तकनीकी खराबियों के कारण भी पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

### जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं

हैरानी की बात तो यह है कि जनता की इस समस्या को लेकर जब हटा के अधिकारियों से बिजली कटौती के संबंध में शिकायत की जाती है इसके बावजूद विद्युत मंडल के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। हर बार शिकायत करने पर केवल तकनीकी खराबी या फाल्ट सुधारने का रटा रटाया जबाव दिया जाता है उन्हें जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है। अब स्थानीय नागरिकों के सब्र का बांध पूरी तरह टूट रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस अघोषित बिजली कटौती पर लगाम नहीं की गई और व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे विद्युत कार्यालय का घेराव कर आंदोलन के लिए विवश होंगे।

# कीचड़ से सनी पड़ी गांव की गालियां

### माता मंदिर जाने वाले आम रास्ते में कीचड़ से श्रद्धालु परेशान



**गैसाबाद ।** ग्राम की बड़ी देवी शीतला माता मंदिर पहुंच मार्ग पर हमेशा ही गंदगी बनी रहती है यहां पर निवासरत लोगों के घरों का गंदा पानी पंचायत द्वारा बनाई गई सीसी के ऊपर से बहता रहता है जिस करण मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को गंदगी में से होकर ही मंदिर तक जाना पड़ता है जिससे उनकी पवित्रता भंग हो जाती है श्रद्धालु अपने घर से स्नान आदि करके मंदिर को आते हैं लेकिन रास्ते में उन्हें गंदगी का सामना करना पड़ता है जिससे उनकी पवित्रता प्रभावित होती है श्रद्धालुओं ने हरिभूमि को बताया कि इस वार्ड में हमेशा ही गंदगी बनी रहती है जबकि इसी वार्ड के निवासी ग्राम पंचायत में 8 वर्षों तक सरपंच रहे हैं लेकिन फिर भी यहां की गलियों का सुधार नहीं हो ाना चिंता का विषय है! इसी तरह से ग्राम की व्यारमा नदी के समीप स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर पहुंच मार्ग पर भी गंदगी का आलम देखा जा सकता है यहां पर सीसी रोड के आजू-बाजू से लोग गंदगी करते हैं जिससे यहां से निकलने में श्रद्धालुओं को भारी असुविधा होती है बरसात के मौसम में तो लोग सीसी रोड पर ही गंदगी कर जाते हैं जिसकी बदबू से लोगों का यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है इस संबंध में मंदिर के पुजारी द्वारा पुलिस थाना में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन उसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया ग्रामीण जनों ने गांव की गलियों एवं मंदिरो के पहुंच मार्गों की साफ सफाई कराए जाने की मांग की है ।

### रामपुर हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

दमोह। ग्राम रामपुर में वृद्ध व्यक्ति की हत्या के मामले में चौकी नरसिंहगढ़ एवं थाना दमोह देहात पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देश पर की गई।पुलिस के अनुसार 13 जून 2026 को ग्राम रामपुर में एक वृद्ध व्यक्ति के साथ मारपीट कर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अमित गौतम के नेतृत्व एवं चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी भूरा उर्फ इमरत रैकवार पिता बबलू रैकवार, निवासी मागंज वार्ड क्रमांक-05, थाना कोतवाली, जिला दमोह को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि इस हत्याकांड में दो आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया।इस कार्रवाई में थाना दमोह देहात एवं चौकी नरसिंहगढ़ के पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों तथा साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# श्रुत पंचमी महापर्व पर मुनि संघ के सानिध्य में निकली माँ जिनवाणी की पालकी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





जैन धर्म के ज्ञान आराधना को समर्पित महापर्व श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को सभी जैन मंदिरों में माँ जिनवाणी पूजन के साथ विविध धार्मिक आयोजन किए गए। इस अवसर पर मुनिश्री पदम सागर जी एवं छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी के निर्देशन एवं सानिध्य में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर में भक्ति मय उल्लास के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। प्रातः बेला में जैन धर्मशाला से माँ जिनवाणी को पालकी में सजाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो जो पलन्दी मंदिर, धगट चौराहा, चौधरी मंदिर, बड़ा जैन मंदिर सिटी नल होकर नन्हे मंदिर पहुचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रावक जन हाथों में केसरिया ध्वज लिए तथा पालकी को कांधा देते हुए शामिल हुए। महिलाओं ने भी भक्ति मय उत्साह के साथ शोभायात्रा में सहभागिता दर्ज कराई। तत्पश्चात मुनिश्री पदम सागर जी एवं छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में मंगलमय अभिषेक एवं वृहद्ध शांति धारा संपन्न हुई। बड़े ही भक्ति भाव के साथ देव शास्त्र गुरु पूजन के साथ माँ जिनवाणी का पूजन किया गया। इस अवसर पर मुनि श्री पदम सागर जी ने श्रुत पंचमी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दिव्य देशना के साथ देते हुए इस महापर्व को ज्ञान का महापर्व बताते हुए कहा कि यही वह दिन था जब माँ जिनवाणी की रचना हुई थी। यदि हमारे जीवन में शस्त्र नहीं होते तो धर्म की राह दिखने वाला कोई नहीं होता। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रावक जनों के द्वारा मुनि श्री के समक्ष शास्त्र भेंट किए गए। श्रुत पंचमी महोत्सव शोभा यात्रा कार्यक्रम में दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिघई, ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया, मोनू भैया, रोहित भैया, प्रदीप भैया, औषधालय समिति के अध्यक्ष मनोज जैन मीनू, नन्हे मंदिर के अध्यक्ष नवीन निराला महामंत्री राजकुमार रानू सहित बड़ी संख्या में मंदिर आसामी एवं सकल जैन समाज की उपस्थिति रही।

**बाहुबली भगवान का हुआ मस्तककाभिषेक-** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर निर्माण कार्य चलते मुनि श्री पदम सागर जी के निर्देशन में भगवान बाहुबली का परिवर्तन कार्यक्रम शांति विधान के साथ संपन्न होने के पश्चात आज भगवान बाहुबली का मस्तकाभिषेक एवं शांति धारा भी संपन्न हुई। जिसका सौभाग्य ब्रह्मचारी रोहित भैया मोनू भैया को प्राप्त हुआ। बाहुबली भगवान को विशाल छत्र एवं चँवर समर्पित करने पर मुनि श्री के द्वारा मैनेजर सुशील जैन और परिवार को विशेष साधुवाद का पात्र बताते हुए मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

**उत्कृष्ट परीक्षार्थियों को किया गया सम्मानित-** मुनि श्री पदम सागर जी के सानिध्य में नन्हे मंदिर की में ग्रीष्मकालीन वाचना के दौरान इष्टोंपेदेश ग्रन्थ की वाचना एक महीने तक प्रतिदिन हुई थी तत्पश्चात ग्रंथ से संबंधित परीक्षा का आयोजन पिछले दिनों किया गया था। जिसमें अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को आज मुनिश्री के सानिध्य में सम्मानित किया गया। पिछले दिनों लगे श्रावक संस्कार शिविर में योगदान के लिए मनोज जैन मीनू एवं नवीन निराला को प्रतिष्ठा आचार्य प्रदीप शास्त्री द्वारा सम्मानित किया गया।

# अब प्लास्टिक के डिब्बों में किसानों को मिलेगा 200 लीटर तक डीजल

### पहचान एवं दस्तावेज सत्यापन के बाद मिलेगी सुविधा- कलेक्टर

**दमोह ।** किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा डीजल आपूर्ति संबंधी पूर्व में लागू प्रतिबंधों में शिथिलता प्रदान की गई है। जारी आदेश के अनुसार अब जिले के पेट्रोल पंप संचालक किसानों को निर्धारित पहचान एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत प्लास्टिक के केनों में एक दिन में एक बार अधिकतम 200 लीटर तक डीजल उपलब्ध करा सकेंगे। पूर्व में पेट्रोल पंपों से प्लास्टिक के डिब्बों में डीजल विक्रय पर रोक लगाई गई थी, किन्तु खेती-किसानी कार्यों के लिए डीजल की निरंतर आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री यादव ने स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर यह छूट प्रदान करते हुए जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों एवं ऑयल कंपनी के सेल्स अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेशानुसार पेट्रोल पंप संचालकों को किसानों को किए गए डीजल विक्रय का निर्धारित प्रारूप में संधारण करना होगा तथा प्रत्येक विक्रय पर अनिवार्य रूप से देयक (बिल) जारी करना होगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित पंप प्रोपराइटर एवं संचालक की होगी। निर्देशों का पालन नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही संकलित जानकारी की सत्यापित प्रतियां कार्यालय कलेक्टर (खाद्य), जिला दमोह में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होंगी। क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारी एवं ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों को आदेश की सघन मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होने ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया है कि उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# मुस्लिम वार्ड में हुई मुहल्ला जनसुनवाई



**हिण्डोरिया।** नवागत एसपी आनन्द कलादगी के विशेष दिशा-निर्देश पर स्थानीय जामा मस्जिद के सामने वाले परिसर में हिण्डोरिया पुलिस व्दारा मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति मे मुहल्ला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन एस.डी.ओ.पी. पथरिया प्रिया सिंधी एवं टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, वीट प्रभारी एएसआई राम कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन मे किया गया। बैठक में सन्निकट मुस्लिम समुदाय के मुहर्रम पर्व पर होने वाले सभी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी ली गई। बैठक में मुहल्ला के नागरिकों की समस्याओं को लेकर आपसी विमर्श किया गया। बैठक में शराबियों के उत्पात नियन्त्रित करने एवं पुलिस गश्त सतत करने पर चर्चा की। एसडीओपी प्रिया सिंधी ने बताया कि जिले मे शासन-प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के विशेष आदेश पर सभी थाना क्षेत्रों में मुहल्ला जन-सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन कर आम नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं समझा जाकर उनका समाधान कराने का प्रयास पुलिस विभाग व्दारा किया जा रहा है। उन्होंने ने सभी समुदायों से अपने अपने पर्व हमेशा की तरह मिलजुल कर अमन शांति के साथ मनाये जाने की अपील भी की। टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि बैठक में जो भी समस्याऐं निकल कर सामने आई हैं। उनका निदान सुनिश्चित किया जायेगा। विघ्न फैलाने वाले शराबियों एवं अपराधियों पर पुलिस नजर रखते हुये सख्त कार्यवाही करेगी। मुहर्रम पर्व पर पुलिस की व्यवस्था पूरे समय चाक- चौबंद रहेगी। बैठक में जामा मस्जिद के सदर नबाब खान आरआई सहित मुस्लिम समुदाय के अनेक सजग गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर्स की हुई जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कलेक्टर प्रताप नारायण के निर्देशानुसार 19 जून को अनुभागीय अधिकारी हटा के निर्देशन में गठित जांच दल द्वारा हटा नगर में संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। जांच दल में जिला औषधि निरीक्षक महिमा जैन शामिल रहीं। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल के पास स्थित सोमी केमिस्ट, कल्प मेडिकल स्टोर, आनंद मेडिकल स्टोर एवं बजरंग मेडिकल का निरीक्षण किया गया। वहीं श्री बजरंग मेडिकल, सरकार मेडिकल एवं अध्या श्री मेडिकल चंडी जी वार्ड हटा मौके पर बंद पाए गए। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर्स में वैध ड्रग लाइसेंस, फार्मासिस्ट की उपस्थिति, शेड्यूल ड्रग्स के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, साफ-सफाई व्यवस्था, एक्सपायरी दवाओं के प्रबंधन तथा प्रतिबंधित दवाओं की उपलब्धता की जांच की गई। निरीक्षण में कुछ मेडिकल स्टोर्स पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए, जबकि कुछ दुकानों में दवाओं के क्रय-विक्रय संबंधी रिकॉर्ड अपूर्ण मिले। इन अनियमितताओं के संबंध में खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। जिला औषधि निरीक्षक महिमा जैन ने कहा यदि संबंधित पक्षों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो संबंधित मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# चैक बाउंस के दोषी को 6 माह की सजा बरकरार

**दमोह।** न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश महोदय दमोह श्रीमान संतोष गुप्ता जी ने चैक बाउंस के मामले में आरोपी द्वारा प्रस्तुत अपील विचारण न्यायालय के निर्णय को मानते हुए निरस्त कर दी। अधिवक्ता मनीष चौबे ने बताया कि परिवादी वैभव कुमार जैन पिता विजय कुमार जैन निवासी पलंदी चौराहा दमोह और आरोपी प्रेमलाल विश्वकर्मा पिता बद्री विश्वकर्मा निवासी दमोह पोस्ट महंतपुर दमोह आरोपी से परिवादी के अच्छे व्यवहार थे आरोपी पलंदी चौराहा पर स्टीम ग्रिल दुकान खोले हुए था परिवादी दमोह से कपड़े का व्यवसाय करता है। आरोपी ने व्यवसायिक आवश्यकताओ को बताकार 4,90,000 रूपये बतौर उधार मांगें व्यवहार के चलते परिवादी ने उस पर विश्वास करते हुए रूपये उधार दे दिये आरोपी ने माह अप्रैल 2023 में वापिस करने का वादा किया था। जब परिवादी ने अपनी राशि वापिस मांगी तो अनावेदक ने दिनांक 10.04.2023 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा दमोह का चैक दिया परिवादी ने जब चैक प्रस्तुत किया तो पर्याप्त राशि न होने के कारण वह बाउंस हो गया। इसकी सूचना आरोपी को दी फिर भी आरोपी द्वारा पैसा न दिये पर परिवादी ने न्यायालय में परिवाद पत्र पेश किया विचारण न्यायालय में मामले को सिद्व पाते हुए 6 माह का कारावास एवं 5,56,150 रूपये 6 प्रतिशत वार्षिक दर से क्षतिपूर्ति राशि एवं आरोपी को परिवादी को प्रदान करने का आदेश पारित किया है।